nandgaon times dec-09-4.qxd 12/8/2024 10:23 PM Page 1

अपने भक्तों की रक्षा और धर्म की स्थापना... पृष्ठ 2 | खैरबना में जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स



नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


सोमवार, 09 दिसंबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 57, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज संस्था अपनी मेहनत से समाज को संस्कारी और सेवाभावी बनाने का कर रही कार्य - मुख्यमंत्री साय




**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज राजनांदगांव में नवनिर्मित ब्रह्माकुमारीज ज्ञान मानसरोवर भवन के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव में नवनिर्मित ब्रह्माकुमारीज ज्ञान मानसरोवर भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अतिथि द्वय ने केक भी काटा। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राजनांदगांव की आवश्यकता के लिए 20 लाख रूपए की घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि राजनांदगांव में भव्य ज्ञान मानसरोवर भवन का शुभारंभ किया गया है। निश्चित रूप से इस क्षेत्र के लोगों को हर दृष्टिकोण से आध्यात्म के क्षेत्र में लाभ होगा। उन्होंने सभी को इसके लिए शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज परिवार के कार्यक्रम में जाने में बहुत अच्छी अनुभूति होती है। उन्होंने बताया कि वे माउंटआबू भी चार बार जा चुके हैं। ब्रह्माकुमारीज परिवार की बहनें जब राखी बांधती हैं, तो गौरव की अनुभूति और खुशी होती है, इसके लिए उन्होंने बहनों को धन्यवाद दिया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज संस्था अपनी मेहनत से समाज को संस्कारी और सेवाभावी बनाने का कार्य कर रहे है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि वर्तमान में बहुत भागदौड़ वाला समय है, ऐसे में लोगों को तनाव होना भी स्वभाविक है, ये तनाव केवल परेशान



ही नहीं करते बल्कि शारीरिक, मानसिक रूप से भी मनुष्य को कमजोर करता है और हर क्षेत्र में मनुष्य कमजोर हो जाता है। इसलिए वह आत्मविश्वास के साथ कार्य करने की हिम्मत भी नहीं जुटा पाता है। ऐसे समय में प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज संस्था द्वारा राज मार्ग, राजयोग का ध्यान बताया गया है, जिससे निश्चित रूप से लाभ मिलता है। अब ध्यान को वैज्ञानिक भी मानने लगे हैं। नियमित रूप से ध्यान करने वाले व्यक्ति शांत और धीर गंभीर होते हैं। खुशी है कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज संस्था द्वारा मेडिटेशन का कार्यक्रम चलाया जा रहा है वह दुनिया में लोकप्रिय हो रहा है। हर शहर में छोटी-छोटी जगहों में भी संस्थाएं हैं, वहां पर संस्था द्वारा नि:शुल्क मेडिटेशन सिखाया जा रहा है। यह सच्ची मानवता की सेवा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र संघ को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का प्रस्ताव दिया और विचार के महत्व को संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा स्वीकारा भी गया। पूरी दुनिया में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह विश्व में योग को स्थापित करने का श्रेय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को जाता है। उन्होंने कहा कि कोई भी अच्छी सरकार लोगों के विकास की चिन्ता करती ही है, लेकिन अध्यात्मिक कल्याण के लिए लगातार कार्य करना लोगों के हित में होता है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार ने श्री रामलला दर्शन योजना शुरू की है, जिससे प्रदेश के 20 हजार से अधिक श्रीराम भक्त पिछले एक वर्ष में श्री रामलला दर्शन योजना का लाभ ले चुके हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 5 शक्तिपीठों को जोड़कर तीर्थ यात्रा की शुरूआत की जाएगी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव के नवनिर्मित ब्रह्माकुमारीज ज्ञान मानसरोवर राजयोग मेडीटेशन ट्रेनिंग सेंटर के उद्घाटन के लिए सभी को शुभकामनाएं दी।

## मानव मंदिर चौक का नाम बदला अब हुआ महाकाल चौक

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला सहित शहरवासियों एवं महाकाल भक्त की विशेष मांग एवं महाकाल सेवा की मांग के आधार पर महापौर परिषद एवं सामान्य सभा में पास कर सभी पार्षदों की सहमति से मानव मंदिर चौक का नाम महाकाल चौक कर दिया गया है जिसका विधि महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख लोकार्पण (उद्घाटन) करेंगे। महाकाल चौक के नामकरण को लेकर शहर के महाकाल भक्तों में अपार उत्साह है। राजनांदगांव शहर के हृदय स्थल मानव मंदिर चौक का नाम अब बदल जाएगा महापौर हेमा सुदेश देशमुख के अथक प्रयासों से एमआईसी के बाद पिछली निगम की सामान्य सभा में इस चौक का नामकरण महाकाल चौक कर दिया गया है जिसका कल शाम 6 बजे महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख एवं चेयरमैन,पार्षदों, शहर के गणमान्य नागरिकों एवं महाकाल भक्तों के साथ विधिवत लोकार्पण किया जाएगा। महापौर ने शहर के समस्त महाकाल सेवा समिति एवं महाकाल भक्तों तथा नागरिकों से उपस्थिति की अपील की है।




**महाकाल चौक का लोकार्पण करेंगे महापौर हेमा देशमुख**

## राष्ट्रव्यापी राष्ट्र रक्षा अभियान में उज्जैन पहुंचे पुरी शंकराचार्य

अरविन्द तिवारी की रिपोर्ट

**उज्जैन ( नांदगांव टाइम्स )।** ऋग्वेदीय पूर्वाम्नाय श्रीगोवर्द्धनमठ पुरीपीठाधीश्वर एवं हिन्दू राष्ट्र प्रणेता अनन्तश्री विभूषित श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य पूज्यपाद स्वामी श्रीनिश्चलानन्द सरस्वतीजी महाराज अपने राष्ट्र व्यापी राष्ट्र रक्षा अभियान अंतर्गत परम्परागत रुप से प्रति वर्ष गीता जयन्ती के अवसर पर उज्जैन - इन्दौर प्रवास पर रहते हैं। इस वर्ष भी पुरी शंकराचार्यजी अपनी होशियारपुर पंजाब का प्रवास पूर्ण कर आज महाराज विक्रमादित्य की नगरी उज्जैन , मध्यप्रदेश पहुंच चुके हैं। उज्जैन में श्रीबालमुकुंद आश्रम, नृसिंह घाट में उनका निवास रखा गया है। उज्जैन में उनका प्रवास 10 दिसम्बर को अपरान्ह चार बजे तक है। उज्जैन प्रवास के दौरान 09 एवं 10 दिसम्बर को पूर्वान्ह साढ़े ग्यारह बजे दर्शन , दीक्षा एवं धर्म - राष्ट्र तथा आध्यात्म से संबंधित जिज्ञासाओं का समाधान ??? एवं दिनांक 09 दिसम्बर को सायं साढ़े पांच बजे से दर्शन के साथ ही संगोष्ठी के अवसर पर आध्यात्मिक संदेश श्रवण का सौभाग्य सभी उपस्थित सनातनी भक्तवृन्दों को सुलभ होगा। इसी कड़ी में 10 दिसम्बर को सायं चार बजे सड़क मार्ग द्वारा पुरी शंकराचार्यजी इन्दौर प्रस्थान करेंगे। इन्दौर में प्रेसिडेंट रेसीडेंसी , मनोरमागंज , नवरत्तन बाग , गीता भवन के समीप स्थित पवन सिंघानियाजी के यहां निवासरत रहेंगे। निवास स्थल पर दिनांक 11 से 13 दिसम्बर तक प्रात: दर्शन , दीक्षा तथा गोष्ठी सायं साढ़े पांच बजे गीता भवन में दर्शन एवं हिन्दू राष्ट्र संगोष्ठी आयोजित होगी। यहां आयोजित सभी कार्यक्रमों की समाप्ति पश्चात 13 दिसम्बर को रात्रि नौ बजे से निवास स्थल से इंदौर रेलवे स्टेशन प्रस्थान करेंगे जहां से रात्रि ग्यारह बजे शान्ति एक्सप्रेस द्वारा राष्ट्रोत्कर्ष अभियान के अगले चरण के लिये साबरमती जंक्शन प्रस्थान करेंगे। इसकी जानकारी श्री सुदर्शन संस्थानम , पुरी शंकराचार्य आश्रम / मीडिया प्रभारी अरविन्द तिवारी ने दी। गौरतलब है कि पुरी शंकराचार्यजी का अपने राष्ट्र व्यापी राष्ट्र रक्षा अभियान के अंतर्गत सभी सनातनी राष्ट्रभक्त सनातनी जनमानस के लिये आध्यात्मिक संदेश के रुप में आह्वान होता है कि वेद सम्मत सिद्धान्तों का वैदिक विधि से क्रियान्वयन के द्वारा ही हम रामराज समन्वित , सनातन वर्णाश्रम व्यवस्था का परिपालन करते हुये हिन्दू राष्ट्र निर्माण की कल्पना साकार कर सकते हैं , इस संबंध में महाराजश्री उद्धृत करते हैं कि इस रॉकेट, कम्प्यूटर , एटम और मोबाइल के युग में भी सनातन वैदिक आर्य हिन्दुओं का परम्परा प्राप्त भोजन, वस्त्र, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, यातायात, उत्सव -- त्यौहार, रक्षा, सेवा, न्याय, विवाह आदि के प्रकल्प सर्वोत्कृष्ट हैं हमारा सिद्धान्त न केवल दार्शनिक अपितु वैज्ञानिक और व्यवहारिक धरातल पर भी सर्वोत्कृष्ट है। इस तथ्य को जब नई पीढ़ी समझेगी, तो बिलकुल स्वतंत्र भारत को जैसा होना चाहिये था, उसके निर्माण के लिये स्वस्थ क्रान्ति के लिये प्रशस्त होगी। इसी तरह महाराजश्री का संदेश है कि मठ, मन्दिर हमारे धार्मिक दुर्ग हैं, अपने क्षेत्र के मठ मन्दिरों के संचालकों से सद्भाव पूर्वक सम्वाद स्थापित कर, इन्हें शिक्षा, रक्षा, संस्कृति , सेवा , धर्म और मोक्ष का संस्थान बनाना आवश्यक है।



## मामला - उसना चावल की अफरातफरी का






**डोगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** उसना चावल की अफरातफरी निरंतर धड़ल्ले से जारी है परंतु इस पर रोक लगाने वाले दूर दूर तक नजर नहीं आ रहे है वहीं जिला खाद्य निरीक्षक व जिला प्रशासन के अधिकारी की खामोशी कई प्रकार के सवाल खड़े कर रहे है. बताया जाता है कि 07 दिसम्बर दिन शनिवार को रेल प्रशासन के द्वारा सीमेंट सीलीपाट फैक्ट्री के सामने स्थित रेल यार्ड में 42 बोगी की प्लेसमेंट दी गई थी जिसमें गुरुदेव ट्रेडर्स महाराजपुर चिचोला के द्वारा उसना चावल लगभग 400 ट्रक में उसना चावल भरकर विशाखापट्टनम के रास्ते अन्य देश भेजा गया. इसको लेकर जिला खाद्य निरीक्षक डोमेंद्र ध्रुवे से चर्चा करने पर बताया गया कि रेलवे परिक्षेत्र में हमें घुसने का अधिकार नहीं है. ऐसे राईस मिलरो की निगरानी की जा रही है शीघ्र ही कठोर कार्यवाही की जायेगी. ज्ञात हो कि राईस मिल में छापेमारी के बाद यह बात प्रमुखता से सामने आई थी कि कई मिल संचालक उसना चावल का निर्माण कर अपने फर्म के नाम से पैकिंग करने के बजाए अन्य कंपनियों के नाम से उसना चावल की पैकिंग कर दूसरे देशों में भेजा जा रहा है. ज्ञात हो कि जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल के आदेश पर डोंगरगढ़ एसडीएम मनोज मरकाम के द्वारा खाद्य एवं कृषि उपज मंडी के अधिकारियों कर्मचारियो की टीम गठित कर शहर स्थित अरोरा राईस मिल में छापेमार कार्यवाही की गई. प्राप्त समाचार में बताया गया था कि 14 नवम्बर को अरोरा इंडस्ट्रीज प्रो. बसंत कौर अरोरा पति जनरैल सिंह अरोरा के राईस मिल का स्टॉक पंजी की जांच व भौतिक सत्यापन करने पर मिल परिसर में 05 स्टॉक धान का होना पाया गया एवं मिल के बाहर पोल्ट्री फॉर्म चौथना में 01 स्टॉक धान का होना पाया गया और मिल परिसर में 5798 क्विंटल उसना चावल पाया गया जिसके मिलान के बाद राईस मिल में अनुमानित स्टेकवार में कुल 106000 कट्टा धान पाया गया. जाँच के बाद कुल 37555.80 क्विंटल धान का होना पाया गया. मौके पर उपस्थित स्टॉक रजिस्टर जाँच किया गया जिसमें 37319 क्विंटल पाया गया जो कि मिलान करने पर 236.80 क्विंटल धान अधिक होना पाया गया. अतिरिक्त मिले धान की जप्ती बनाकर मंडी अधिनियम की धारा 23 एवं 19(4) के तहत कार्यवाही प्रतिपादित की गई थी. इस कार्यवाही में प्रमुख रूप से एसडीएम मनोज मरकाम, जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डुमेंद्र ध्रुव,अतिरिक्त तहसीलदार राजेश नेताम कमल किशोर साहू, खाद्य निरीक्षक सिध्दार्थ मिश्रा एवं कृषि मंडी निरीक्षक ईश्वरी प्रसाद चंद्राकर सहित जाँच टीम उपस्थित थी और इस दौरान उसना चावल के प्लास्टिक कट्टे में अन्य कंपनियों के नाम से उसना चावल का गोरखधन्धा होने की जानकारी सामने आई थी और उसी दिन सीलीपाट सीमेंट फैक्ट्री स्थित रेल यार्ड में 400 से अधिक ट्रकों में उसना चावल भरकर रेल यातायात के माध्यम से विशाखापट्टनम के रास्ते अन्य देश जैसे नाईबेरिया (साउथ अफ्रीका) भेजे जाने की जानकारी मिली थी. खुलासे के बाद उसना चावल व्यापारियों में हड़कंप मच गया था जिसकी जाँच और कार्यवाही किया जाना अभी भी शेष है. इस पर अंकुश लगाए जाने के बजाए धड़ल्ले से उसना चावल को अन्य देशों में भेजा जा रहा है और सक्षम अधिकारी मूकदर्शक बने हुए है उससे कई यक्ष प्रश्न खड़े होने लगे है.।

## एकल अभियान द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा तथा समर्पण भाव से किए जा रहे कार्य : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

### मुख्यमंत्री ने गायत्री विद्यापीठ स्कूल के खेल मैदान के सौंदर्यीकरण के लिए 20 लाख रूपए देने की घोषणा की



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज गायत्री विद्यापीठ स्कूल राजनांदगांव में एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब संभाग स्तरीय खेलकूद के समापन समारोह में शिरकत की। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद श्री संतोष पाण्डेय विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गायत्री विद्यापीठ स्कूल के खेल मैदान के सौंदर्यीकरण के लिए 20 लाख रूपए देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे स्कूली बच्चों, विजेता प्रतिभागियों एवं एकल अभियान परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में एक पक्ष जीतता है, तो दूसरा पक्ष हारता नहीं है, बल्कि दूसरे पायदान पर आ जाता है। उन्होंने सभी खिलाडियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद की यह प्रेरणा कि ऐसे बच्चे जो विद्यालय जाने में असमर्थ हैं, तो विद्यालय को वहां पहुंचना होगा कि भावना के साथ संस्थान द्वारा कार्य किया जा रहा है। आदिवासी बच्चों को ग्रामीण क्षेत्रों में एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब के माध्यम से बहुत लाभ मिल रहा है। देश में 35 वर्षों से यह संस्थान कार्य कर रहा है तथा देश भर में एक लाख से अधिक विद्यालय गांव में चल रहे हैं तथा छत्तीसगढ़ में लगभग 4500 विद्यालय संचालित हैं। संस्थान द्वारा सेवाभावी तथा समर्पण भाव से किए जा रहे कार्यों की जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है। उन्होंने कहा कि 13 दिसम्बर को शासन के एक वर्ष पूर्ण हो जाएंगे। शासन द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पूरा करने तथा सुशासन स्थापित करने के लिए कार्य किया जा रहा है। एक वर्ष में मोदी की गारंटी से जनादेश मिला है, उसे पूरा करने के लिए कृषक उन्नति योजना के तहत 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी की जा रही है। लगभग 14 लाख किसानों को दो वर्ष का बकाया बोनस 3716 करोड़ रूपए की राशि प्रदान की गई। महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश के 70 लाख महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रूपए दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना, तेंदूपत्ता बोनस एवं विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार को दूर करने के लिए विशेष तौर पर कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में 15 वर्षों में प्रदेश ने सभी क्षेत्रों में चहुंमुखी विकास किया है। उन्होंने सार्वजनिक वितरण प्रणाली पीडीएस के माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंदों को 2 रूपए में चावल एवं नि:शुल्क नमक देने का कार्य किया। वे चऊरवाले बाबा के नाम से विख्यात रहे। शिक्षा ही विकास का मूल मंत्र है। उनके कार्यकाल में आईआईटी, आईआईएम एवं अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठित संस्थान प्रदेश में स्थापित हुए। जब छत्तीसगढ़ का निर्माण हुआ तो यहां 1 शासकीय मेडिकल कालेज था, लेकिन अब प्रदेश में 10 शासकीय तथा कई मेडिकल कालेज हैं।



## घुसखोर लेखापाल को बचाने में जुटे विभाग, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने लगाया बिक्री का आरोप

**खैरागढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने सिविल अस्पताल खैरागढ में लेखापाल के पद पर पदस्थ कमलेश त्रिपाठी पर घुसखोरी का आरोप लगाया था। जिसे लेकर 9 सितम्बर को कलेक्टर के पास शिकायत किया था लेकिन विभाग द्वारा कोई जांच नही किया गया। जिससे आहत होकर स्वास्थ्य कर्मचारी के अध्यक्ष हंसाराम वर्मा ने विभाग पर घुसखोर लेखापाल पर बचाने और उनसे रूपए लेकर मामले दबाने का आरोप लगाया है। इस दौरान अध्यक्ष वर्मा ने बताया की चतुर्थ वर्ग के गरीब कर्मचारी का कोई सुनवाई नही हो रहा है। जिस आया ने सबसे पहले घुसखोरी शिकायत किया था अन्य कर्मचारी ने भी आया का साथ दिया जिसे अब लेखापाल द्वारा धमकाया जा रहा है। जांच अधिकारी पर अध्यक्ष ने आरोप लगाया है कि जानबुझकर आया के शिकायत में साथ देने वाले कर्मचारियो की विडियो रिकॉडिंग व कॉल रिकॉडिंग मांगी जा रही है। उन्होने जांच अधिकारी से सवाल पूछा कि कोई लेखापाल अपने पद का दुरूपयोग करके किसी चुतुर्थ क्षेणी कर्मचारियों का शोषण करता है तो रिकॉडिंग करके नही करता है तो कॉल रिकॉडिग करके क्यों मांगी जा रही है। जानबुझकर अधिकारी रूपए के लालच में लेखापाल को बचाने की कोशिश कर रहा है। लेखापाल और सीएमएचओ एक ही गांव से निवासी है अपसी संबंध के कारण घुसखोर लेखापाल को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। जांच अधिकारी सभी कर्मचारी को बयान को दरकिनार कर दिया और एकपक्षी कार्यवाही किया जा रहा है। अब लेखापाल द्वारा कर्मचारियों को मारपीट व ट्रांसफर करवाने की धमकी दिया जा रहा है। जिस लेखापाल पर घुसखोरी के आरोप लगे है उसे कर्मचारी व बजट का काम दिया सौप दिया है। जिससे स्वास्थ्य कर्मचारी संघ बहुत नाराज है। जल्द ही इसकी शिकायत मंत्री से की जाएगी।

nandgaon times dec-09-4.qxd 12/8/2024 10:23 PM Page 2



# अपने भक्तों की रक्षा और धर्म की स्थापना के लिए भगवान ने लिये कई अवतार : आचार्य पं. युवराज पाण्डेय





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** डुमरडीह काल मे कथा के सातवें दिन हजारों की संख्या में भक्तों ने आचार्य पंण्युवराज पाण्डेय के श्रीमुख से कथा का श्रवण किया गया। शनिवार को कथा स्थल के आसपास बुंदेलीकला, ठेलकाडीह, पदुमतरा एवं खैरा आदि क्षेत्रों के श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने से पंडाल को बढ़ाया गया, तब जाकर श्रद्धालुओं की भीड़ सम पाई है। पूरा कथा स्थान खचाखच भरा रहा। कथा स्थल के बाहर से भी लोग प्रोजेक्ट्स से कथा श्रवण किये। भागवत कथा की शुरूआत रूद्राभिषेक भागवत आरती और देवी जसगीत के साथ किया गया। आचार्य पं. युवराज पाण्डेय ने अपने सातवें दिन की कथा में बताया कि सतयुग में भगवान विष्णु ने नर और नारायण के रूप में अवतार लिया। नर और नारायण दो भाई थे, जो ब्रह्मा जी के पुत्र ऋषि मरीचि के वंशज थे। नर और नारायण ने बचपन से ही तपस्या और साधना शुरू कर दी थी। वे दोनों भाई हरि-नाम का जप करते थे और भगवान विष्णु की पूजा करते थे। एक दिन, भगवान शिव ने नर और नारायण की तपस्या से प्रसन्न होकर उन्हें दर्शन दिया। शंकर ने नर और नारायण को वरदान दिया कि वे दोनों भाई एक दूसरे के साथ मिलकर भगवान विष्णु की पूजा करेंगे और उनकी कृपा से मोक्ष प्राप्त करेंगे। कलियुग में भगवान विष्णु ने नर और नारायण के रूप में अवतार लिया। नर का अवतार अर्जुन के रूप में हुआ, जबकि नारायण का अवतार भगवान श्रीकृष्ण के रूप में हुआ। एक दिन भृगु ऋषि भगवान विष्णु के दर्शन करने के लिए उनके महल में आए। भगवान विष्णु उस समय सो रहे थे, और भृगु ऋषि ने उन्हें जगाने के लिए उनके पैर पर लात मारी। भगवान विष्णु जाग गए और भृगु ऋषि को देखा। उन्होंने भृगु ऋषि से कहा कि उन्हें अपने पैर पर लात मारने के लिए क्षमा करें। भगवान विष्णु ने यह भी कहा कि वे भृगु ऋषि के चरणों को स्पर्श करके अपने आप को धन्य मानते हैं। भृगु ऋषि भगवान विष्णु की विनम्रता से प्रसन्न हुए, लेकिन उन्होंने भगवान विष्णु को श्राप दिया कि वे भविष्य में कई बार अपने शरीर से अलग होंगे और कई अवतार लेंगे। भृगु ऋषि के श्राप के अनुसार, भगवान विष्णु ने कई अवतार लिये, अपने कथा को विराम दिया कथा के अंतिम में पूजा अर्चना कर हरि नाम कीर्तन के साथ व देवी की पचरा जसगीत के साथ किया गया। जिसमें कथा में उपस्थित श्रोताओं ने संगीत में जमकर झूमे। माता के जयकारे से कथा पंडाल गूंज उठा। कार्यक्रम में कलयुग के महामंत्र हरे कृष्ण, हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे-हरे राम, हरे राम हरे राम राम राम हरे का भजन हिंदी, छत्तीसगढ़ी, उड़िया भजन, संबलपुरी भजन जसगीत घुमर घुमर रण गरजे सहित अन्य जसगीत में श्रद्धालु झूमते नजर आए। आचार्य पं. युवराज पाण्डेय के साथ पंडित कामेश पाण्डेय, पंडित, अमित शुक्ला, पंडित तरुण दुबे, पंडित चिरंजीवी, पंडित दिवाकर, पंडित नीरज पाण्डेय सहित 11 पंडित द्वारा प्रतिदिन सुबह 8 से 10 एवं शाम 6 बजे से चंडी महायज्ञ आयोजित किया जा रहा है। आज के कार्यक्रम में पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, जिला पंचायत सभापति अशोक देवांगन, पूर्व जिला पंचायत कवर्धा रघुराज सिंह, दर्शन जैन, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुर्यकांत भंडारी, क्षेत्रीय जनपद सदस्य सभापति ओमप्रकाश साहू, डुमरडीह सरपंच जजमान दिनेश-सुनीता ठाकुर, सरपंच संघ अध्यक्ष नोमेश वर्मा, पदुमतरा सहकारी समिति अध्यक्ष टाकेश सिन्हा, परदेशी साहू, राकेश साहू, धन्नु बाफ्ना, सरपंच खपरीखुर्द तारणी वर्मा, मगरलोटा सरपंच कनक दुबे, पदुमतरा सरपंच ललिता मोहन साहू, रामकुमार साहू, राजेश्वरी साहू, दुर्गा साहू, पवन महोबिया, भागीरथी साहू, घनश्याम साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन शामिल हुए।



## साकेत भवन में रचनाकारों का मासिक बैठक संपन्न

**सुरगी ( नांदगांव टाइम्स )।** राजनांदगांव।साकेत साहित्य परिषद सुरगी द्वारा साकेत भवन में मासिक बैठक का आयोजन किया गया।



बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार एवं साकेत के संरक्षक कुबेर सिंह साहू ने की। परिषद के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू अंकुर ने रजत जयंती समारोह का आय -व्यय प्रस्तुत किया। रजत जयंती समारोह की समीक्षा के साथ ही आगामी योजनाओं पर चर्चा की गई। इस बैठक में कुबेर सिंह साहू संरक्षक ,ओमप्रकाश साहू अंकुर अध्यक्ष,लखन लाल साहू लहर पूर्व अध्यक्ष , पवन यादव पहुना उपाध्यक्ष ,थनवार निषाद सचिन कोषाध्यक्ष, कुलेश्वर दास साहू मीडिया प्रभारी, आनंद राम सार्वा वरिष्ठ सदस्य, फागू दास कोसले वरिष्ठ सदस्य, डोहर दास साहू सहसचिव की उपस्थिति रही। इस अवसर जीवन लाल साहू अध्यक्ष, मंडल साहू संघ मुड़पार, सुरगी और यशवंत साहू जिला संयोजक, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला साहू संघ राजनांदगांव विशेष रूप से उपस्थित थे।

## युवा लोधी समाज के नए कार्यकारिणी की हुई घोषणा

**खैरागढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला युवा लोधी समाज राजनांदगांव के अध्यक्ष हर्षवर्धन वर्मा एवं महासचिव शीतेश वर्मा के अनुशंसा पर युवा लोधी समाज सर्किल खैरागढ़, पांडादाह, छुईखदान, गंड़ई की नए पदाधिकारी घोषित किया गया। जिसमें समाज के प्रति सजग एवं समाज में जुड़ कर लगातार अपनी जिम्मेदारी से कार्य कर रहे है ऐसे समाज के युवाओं को समाज में लगातार जुड़ कर समाज के प्रति समर्पित ऊर्जावान युवाओं को विभिन्न सर्किल लोधी समाज कार्यकारी गठन कर संगठन को मजबूत करने के लिए पदाधिकारी घोषित किया गया। जिसमें पांडादाह सर्किल में विजय वर्मा निवासी करेला को अध्यक्ष पद दिया गया है। उसी प्रकार खैरागढ सर्किल मे हरिलाल निवासी लिमतरा, छुईखदान सर्किल से संतराम जंघेल निवासी विचारपुर, गंडई सर्किल से तामेश्वर चंदेल निवासी मरदकठेरा को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है।



**पांडादाह सर्किल से उमेश्वर वर्मा को मिली प्रचार सचिव की जिम्मेदारी**

पांडादाह सर्किल में उपाध्यक्ष तामेश्वर वर्मा, युवराज वर्मा, तेजराम वर्मा, हिरेन्द्र वर्मा सचिव भुवन वर्मा, कोषाध्यक्ष कुमेश वर्मा, सह कोषाध्यक्ष आकाश वर्मा, प्रचार सचिव उमेश्वर वर्मा निवासी बढ़ईटोला, शिवेन्द्र वर्मा, ताराचंद वर्मा, हेमन्त वर्मा कार्यकरिणी सदस्य मोहन वर्मा, इलेश्वर वर्मा, राजेश वर्मा जितेन्द्र वर्मा, नागेश्वर वर्मा को समाज की जिम्मदोरी दी गई है।

# सेमीफाइनल मुकाबले में राजनांदगांव की एक पारी एवं 28 रनों से बड़ी जीत

## अर्शवीर भाटिया की फोटो व्हाट्स एप से ले लें

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता (अंडर-19) में जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव ने सेमीफाइनल मुकाबले में जिला क्रिकेट एसोसिएशन नारायणपुर को एक तरफा मुकाबले में एक पारी एवं 28 रनों से परास्त कर एलीट ग्रुप में अपना स्थान पक्का किया है।सेमीफाइनल के इस महत्वपूर्ण मुकाबले में राजनांदगांव की तरफ से फिर से एक बार राजनांदगांव के स्पिन गेंदबाज अर्षवीर भाटिया ने मात्र 33 रन देकर जहां 10 विकेट लिए वहीं तेज गेंदबाज कुणाल साहू ने मात्र 16 रन देकर 7 विकेट लिए। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी नारायणपुर की टीम छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के इतिहास में पहली बार मात्र 13 ओवरों में 28 रनों पर ही ऑल आउट हो गई। राजनांदगांव के तेज गेंदबाज कुणाल साहू ने शानदार गेंदबाजी करते हुए मात्र 16 रनों में ही सात विकेट ले लिए वहीं अर्षवीर भाटिया ने मात्र चार रन देकर तीन विकेट लिए। बल्लेबाजी करने उतरी राजनांदगांव की टीम ने अपने समस्त विकेट खोकर 135 रन बनाएं। राजनांदगांव की तरफसे युक्तिज्ञ प्रसाद वर्मा ने सर्वाधिक 25 रन बनाए वहीं अर्शवीर भाटिया एवं उज्जवल मरकाम ने क्रमशः 22 एवं 16 रन बनाए। दूसरी पारी में खेलने उतरी नारायणपुर की टीम फिर से एक बार राजनांदगांव के गेंदबाजों का सामना नहीं कर पाई एवं पूरी टीम 79 रन बनाकर ही आउट हो गई। इस बार राजनांदगांव के स्पिन गेंदबाज अर्षवीर भाटिया ने मात्र 29 रन देकर 07 महत्वपूर्ण विकेट लिए वहीं लकी प्रजापति ने एक रन देकर दो विकेट ले लिए। इस प्लेट कंबाइंड की प्रतियोगिता में राजनांदगांव की टीम ने अपने समस्त मैच बोनस अंक सहित एक तरफा जीत हासिल की है, अब राजनांदगांव की टीम एलीट ग्रुप के अगले दौर में पहुंच गई है। एलीट ग्रुप की अगली प्रतियोगिता दिसंबर के अंतिम सप्ताह में खेली जायेगी। प्लेट कंबाइंड के इस पूरी प्रतियोगिता में राजनांदगांव के साढ़े 13 वर्ष उम्र के स्पिन गेंदबाज अर्षवीर भाटिया ने तीन मैचों में 30 विकेट लेकर सर्वाधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड बनाया है।



अर्शवीर भाटिया ने विगत माह खेले गये (अंडर 14) के अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में भी कुल 42 सर्वाधिक विकेट लिए थे। जिला क्रिकेट एसोसिएशन की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों ने चयनकर्ताओं, कोच गोपाल राव एवं मैनेजर विवेक बोरकर को बधाई दी है। उक्त जानकारी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के प्रवक्ता लक्ष्मण लोहिया ने दी है।

# महाकुम्भ के लिये शंकराचार्य शिविर में हुआ भूमिपूजन सम्पन्न

**अरविन्द तिवारी की रिपोर्ट**

**प्रयागराज ( नांदगांव टाइम्स )** । मार्गशीर्ष शुक्ल पंचमी के अवसर पर आगामी महाकुम्भ के लिये आज प्रात: शुभ मुहूर्त में गंगाप्रसाद शुक्ल के आचार्यत्व में इक्कीस अन्य ब्राह्मणों द्वारा मोरी मार्ग के दक्षिण पट्टी में आदिशंकराचार्य भगवान द्वारा स्थापित चार आम्नाय शांकर पीठ में से ज्योतिष्पीठ और द्वारकापीठ के शिविर में भूमिपूजन ब्रह्मचारी शंकर स्वरूप के द्वारा सम्पन्न हुआ। द्वारकापीठ के शिविर प्रभारी श्रीधरानन्द ब्रह्मचारी ने बताया की आज उत्तम मुहूर्त में पूजा करके कार्य आरम्भ कर दिया गया है , द्वारकापीठ के शिविर में पूरे पर्व के दौरान अनेंको धार्मिक अनुष्ठान , प्रवचन होंगे। पूज्यपाद द्वारकापीठ के शंकराचार्य स्वामी श्रीसदानन्द सरस्वतीजी महाराज के दर्शन का लाभ सबको मिलेगा। वहीं ज्योतिष्पीठ शिविर के कुम्भ मेला प्रभारी मुकुन्दानन्द ब्रह्मचारी ने बताया कि 100 करोड़ से अधिक सनातन धर्मियों के लिये ये सबसे बड़ा पर्व है , इस महापर्व पर 'परमाराध्य' परमधर्माधीश उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर श्रीमज्जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामी श्रीअविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वतीजी '1008' महाराज के सान्निध्य पूरे मास धार्मिक विषयों पर निर्णय हेतु परमधर्मसंसद के अनेकों सत्र होंगे , जिसमें सभी धार्मिक समसामयिक विषयों पर शंकराचार्यजी महाराज अपना निर्णय सुनायेंगे। आज सम्पन्न हुये इस भूमिपूजन कार्यक्रम में स्वामी विद्याचैतन्य , स्वामी विचित्रानन्द , अपर मेलाधिकारी विवेक चतुर्वेदी , उप मेलाधिकारी विवेक शुक्ल , संजय ममगाई जोनल अधिकारी ,तिवारी , योगेश शुक्ल , दीपेन्द्र नायक , आर्य शेखर , विकास दुबे , राजेश मिश्रा , उदित त्रिपाठी , सोम शास्त्री दशामेध मंदिर आदि अनेकों भक्तजन उपस्थित थे।



## वर्धा में मनोहर गौशाला में बनने वाले उत्पादों पर प्रेजेंटेशन देंगे अखिल



**खैरागढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगीकरण संस्थान (एमगिरी) वर्धा के जैव प्रसंस्करण एवं जड़ी बूटी विभाग द्वारा 17 से 18 दिसंबर को पंचगव्य आधारित उत्पादों का विपणन: चुनौतियां, समाधान एवं अवसर पर विषय पर राष्ट्रीय परामर्श कार्यशाला और विचार-मंथन सत्र का आयोजन किया गया है। इस कार्यशाला में मनोहर गौशाला के ट्रस्ट्री डॉ. अखिल जैन (पदम डाकलिया) को आमंत्रित किया गया है। डॉ. जैन इस कार्यशाला में 15 मिनट तक प्रेजेंटेशन देंगे। इसमें वे मनोहर गौशाला में बनने वाले पंचगव्य उत्पादों को बाजार की मुख्यधारा में लाने के लिए क्या करना चाहिये, डोमेस्टिक और ग्लोबल मार्केटिंग में कौन कैसे सपोर्ट कर सकते हैं। मार्केटिंग चेन कैसे खड़ी की जा सकती है सहित प्रोडक्ट्स की जानकारी आदि प्रेजेंटेशन के माध्यम से देंगे।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर महरूम में हुआ देश का प्रकृति परीक्षण अभियान की शुरूवात



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 26 नवंबर से 25 दिसंबर तक देश के प्रकृति परीक्षण हेतु देशव्यापी राष्ट्रीय अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को छत्तीसगढ़ आयुष संचालनालय के निर्देशानुसार जिला राजनांदगांव के छुरिया विकासखंड के महरूम गांव में प्रकृति परीक्षण अभियान जोरो से चलाया जा रहा है। वही शासकीय आयुर्वेद औषधालय महरूम में इस अभियान की शुरूवात छुरिया जनपद सभापति किशुन लाल साहू के द्वारा प्रकृति बताकर आनलाइन प्रमाण पत्र प्रदान कर किया गया। प्रकृति परीक्षण अभियान के अंतर्गत डॉक्टर प्रांजलि शुक्ला द्वारा जानकारी दिया गया कि यह अभियान से स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के बारे वास्तविक जानकारी प्राप्त होगी व प्रकृति परीक्षण से व्यक्ति की शारीरिक एवम् मानसिक संरचना को समझने में सहायक होती है । जिससे व्यक्ति की विशिष्ट प्रकृति के आधार पर व्यक्तिगत स्वास्थ्य योजना , आहार - विहार , दिनचर्या , ऋतुचर्या बनाकर समय पूर्व होने वाले रोगों से बचाव , निदान एवम् उपचार किया जा सकता है। इस अभियान का लाभ लेने तथा व्यक्ति को स्वयं का प्रकृति परीक्षण ऐप डाउनलोड कर सिटीजन के रूप में पंजीकृत होना होगा । प्रकृति परीक्षण हेतु शासकीय आयुर्वेद औषधालय महरूम के डॉक्टर प्रांजलि शुक्ला और सहयोगी चिकित्सक श्री छगन लाल मालेकर द्वारा घर- घर और आश्रित ग्रामो में जाकर नागरिको से संपर्क किया जा रहा है। आयुष औषधालय के चिकित्सक से संपर्क कर ऑनलाइन फॉर्म भरवाकर अपनी प्रकृति बताकर आनलाइन प्रमाण पत्र प्राप्त किया जा रहा है। * साथ ही आयुर्वेद औषधालय महरूम के डॉ. शुक्ला द्वारा अपील किया है ,कि आरोग्य मंदिर महरूम में आकर ज्यादा से ज्यादा लोग अपना प्रकृति परीक्षण करवाकर प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

## सप्ताह के सितारे (09 दिसंबर 2024)

### दैनिक शुभ राशि

| | | |
|---|---|---|
| सोम | 1- 5- 9 - 0 | 19-91-10-01-90-09 |
| मंगल | 2- 4 - 7 - 9 | 27-72-29-92-79-97 |
| बुध | 1 - 6 - 7 - 8 | 16-61-17-71-67-76 |
| गुरू | 3- 6 - 9 - 0 | 69-96-60-06-26-62 |
| शुक्र | 1 - 2 - 7 - 0 | 12-21-20-02-70-07 |
| शनि | 2 - 3 - 5- 8 | 23-32-36-63-39-93 |

अंकों का बादशाह -2 सप्ताह में अचूक 3 - 4 - 5 - 8

सप्ताह का वरदान -6 स्पेशल - 51- 40 -37 -89

सप्ताह में देखे

| | |
|---|---|
| (1) 13 - 14 - 15 - 18 | (6) 63 - 64 - 65- 68 |
| (2) 23 - 24 - 25 - 28 | (7) 73 - 74 - 75 - 78 |
| (3) 33 - 34 - 35 - 38 | (8) 83 - 84 - 85 - 88 |
| (4) 43 - 44 - 45 - 48 | (9) 93 - 94 - 95 - 98 |
| (5) 53 - 54 - 55 - 58 | (10) 03 - 04 - 05 - 08 |

बीते पांच सप्ताह के रिकार्ड

| (कल्याण) | (नाइट बाजार) |
|---|---|
| **-**-80-52-84-87 | **-**-11-95-94 |
| 51-91-41-57-19-95 | 58-44-72-30-31 |
| 05-90-74-06-19-63 | 99-02-79-27-60 |
| 90-34-82-09-28-19 | 50-45-44-75-49 |
| 72-34-21-32-21-42 | 50-22-16-82-36 |

चेतावनी- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक का कोई जवाबदारी नहीं होगी।

संपादक

# युवा उत्सव कार्यक्रम मे युवाओं ने लिया बढ़-चढ़ का हिस्सा

## विपल्व साहू ने ने 10-10 हजार ब्लैक बोर्ड व पुस्तक के लिए दिए

**खैरागढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले के युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन 5 दिसम्बर को जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बढ़ईटोला के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला परिसर में किया गया था। कार्यक्रम की शुरूवात माँ सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी की विधिवत् रूप से पूजा अर्चना कर की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद जिला पंचायत सभापति एवं जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने कहा कि ये पीएम मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव सरकार के नेतृत्व में छात्रों एवं युवाओं के हित में स्वर्णिम पहल है। ऐसे साहित्यिक एवं सांस्कृतिक आयोजन हमेशा होते रहना चाहिये क्योंकि ऐसे खूबसूरत युवा उत्सव कार्यक्रम से छात्रों के अंदर छिपी प्रतिभा बेहतर ढंग से निखरती है और उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। उन्होंने समस्त छात्रों को महापुरुष स्वामी विवेकानंद के बारे में पढ़ने व उनके महान जीवन से प्रेरणा लेने की नसीहत दी।

**हाई स्कूल की मरम्मत करने दिए 1.5 लाख रूपए**

इस दौरान मुख्य अतिथि घम्मन साहू ने स्कूल परिवार द्वारा हाई स्कूल की मरम्मत के लिये राशि की मांग पर कार्यक्रम स्थल से ही केसीजी जिलाधीश चंद्रकांत वर्मा से दूरभाष में बात की और फिर तुरंत मंच से ही छात्रों के हित में स्कूल की मरम्मत के लिये डेढ़ लाख रुपये दिलवाने की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें जिला पंचायत सभापति विप्लव साहू ने भी युवा उत्सव कार्यक्रम को संबोधित किया और छात्रों को सफल जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विप्लव साहू ने शासकीय स्कूल में 10 हजार रुपये का ब्लैक बोर्ड व 10 हजार रूपये की ज्ञानवर्धक पुस्तक भी अपनी जिला पंचायत निधि से प्रदान की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पांडादाह मंडल भाजपा महामंत्री गोरेलाल वर्मा, जिला पत्रकार संघ उपाध्यक्ष मो. याहिया नियाजी, बढ़ईटोला सरपंच संतोषी साहू सहित जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी नारायण बंजारा, प्राचार्य चंद्रभान साहू, शिक्षिका विभा पाटकर, सचिव ज्ञानदास साहू, नूतन साहू, संगीता साहू, पुलस वर्मा व दिनेश टांडेकर सहित बड़ी संख्या में शासकीय कर्मचारी उपस्थित थे।




कार्यक्रम के समापन अवसर पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मुरली वर्मा, जनपद सभापति शैलेन्द्र मिश्रा, पारखदास कोसरे, हिमाचल सिंह राजपूत, जनपद सदस्य प्रतिनिधी गणेशराम वर्मा व बढ़ईटोला हाई स्कूल शाला विकास समिति अध्यक्ष विश्राम वर्मा द्वारा विजेता प्रतिभागियों को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में निर्णायक दल में शामिल वरिष्ठ शिक्षिका विनिता सिंह राजपूत, शिक्षक लोमेश साहू, के.सी. केहरी, बैद्यनाथ वर्मा व गोपाल साहू को भी सम्मानित किया गया।

**लोक नृत्य मे हर्ष चंद्राकर रहे प्रथम**

इस युवा उत्सव कार्यक्रम में विभिन्न विधाये क्रमशः सामूहिक लोक नृत्य, सामूहिक लोक गीत, व्यक्तिगत लोक गीत, कहानी लेखन, चित्रकला, तत्कालिक भाषण व कविता आदि विधाओं में 15 से 29 आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। जिसमें व्यक्तिगत लोकनृत्य में हर्ष चंद्राकर, सामूहिक लोकनृत्य में परमानंद एवं साथी प्रथम स्थान, व्यक्तिगत लोकगीत में ईशा बघेल (पंडवानी) प्रथम स्थान, सामूहिक लोकगीत में सौम्या एवं साथी प्रथम स्थान पर रहें। इसी प्रकार कहानी लेखन में मनीष यदु व चित्रकला में भोजराम वर्मा प्रथम स्थान, वंदना वर्मा द्वितीय स्थान, तत्कालिक भाषण में तामेश्वरी प्रथम स्थान, मनीषा यदु द्वितीय स्थान, कविता लेखन में समीरचंद प्रथम एवं रामेश्वरी पाल द्वितीय स्थान पर रही। पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन बैद्यनाथ वर्मा एवं आभार प्रदर्शन अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी सतीश देशलहरे द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं एवं ग्रामवासी भी उपस्थित रहें।

nandgaon times dec-09-4.qxd 12/8/2024 10:23 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) 30 अगस्त 2023 को किस राज्य सरकार द्वारा गृह लक्ष्मी योजना शुरू किया गया?*

*2) किस राज्य और किससे ब्लूम बाजार संबंधित है?*

*3) बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित आनंद मठ का संबंध किस विद्रोह से है?*

*4) शुद्धि आंदोलन किसने चलाया था?*

*5) किसे 3 इडियट्स में लाइब्रेरियन दुबे के यादगार किरदार के लिए याद किया जाता है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) कर्नाटक (2) नागालैंड और फूलों के उत्पादन (3) संन्यासी विद्रोह (4) दयानंद सरस्वती (5) अखिल मिश्रा

## अगबर अध्यक्ष व नवीन सचिव मनोनीत

**तुमडीबोड ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला युवा लोधी समाज राजनांदगांव के अध्यक्ष हर्षवर्धन वर्मा ने संगठनात्मक विस्तार के तहत संगठनात्मक मजबूती हेतु राजनांदगांव, खैरागढ़ जिले में युवा टीम का विस्तार किया है जिसके तहत डोंगरगांव सर्कल युवा लोधी समाज की घोषणा की गई है। विकासखंड डोंगरगांव के ग्राम हरदी निवासी अगबर वर्मा की सक्रियता को देखते हुए उन्हें युवा लोधी समाज डोंगरगांव का अध्यक्ष मनोनीत किया है। इसी प्रकार श्री हर्षवर्धन वर्मा ने डोंगरगांव की टीम में उपाध्यक्ष गण चंद्रकांत वर्मा सांगिनकछार , अनिल वर्मा बोदेला, रविंद्र वर्मा तेंदूनाला, जीवधन वर्मा कोपेडीह, सचिव नवीन वर्मा नाथूनवांगांव, कोषाध्यक्ष रिकेश वर्मा कोपेडीह, सह कोषाध्यक्ष कमलेश वर्मा हरदी, संगठन सचिव छबिलाल वर्मा बांकल, सुखेंद्र वर्मा हरदी, सहसचिव रूपचंद वर्मा माहुल झोपड़ी, प्रचार सचिव रेमन वर्मा खैरी, लेखचंद वर्मा बेलरगोंदी, सुनील वर्मा कोहका, टिकेश्वर वर्मा कन्हारडबरी व कार्यकारिणी सदस्य के रुप में लोकेश वर्मा, गैंदलाल वर्मा, प्रवीण वर्मा, हिरेंद्र वर्मा, छत्रपाल वर्मा, विकास वर्मा, वेद प्रकाश वर्मा, बनवाली वर्मा,, सागर वर्मा, संजय वर्मा, आनंद वर्मा, शिव वर्मा का मनोनयन किए हैं।



## हॉकी इंडिया सब-जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024 का फाइनल मैच एवं समापन समारोह सम्पन्न

**राजननांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** तेलांगना राज्य की राजधानी हैदराबाद में 14वीं हॉकी इंडिया सब-जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024 का फाइनल मैच एवं समापन समारोह सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम में तेलंगाना खेल प्राधिकरण के चेयरमैन के शिवसेना रेड्डी साई की वाइस चेयरमैन एम. डी. सोनी बालादेवी सहित हॉकी इंडिया के महासचिव श्री भोलानाथ सिंह, राज्य अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन मोहम्मद फ़हीम कुरैशी, कोषाध्यक्ष श्री शेखर मनोहरन,हॉकी इंडिया के संयुक्त सचिव श्री फिरोज अंसारी की उपस्थिति में सभी टीमो को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि श्री रेड्डी ने हॉकी के विकास के लिये हॉकी इंडिया द्वारा किये जा प्रयास के लिये सराहना की और शानदार आयोजन के लिए हॉकी तेलांगना को बधाई दी । हॉकी इंडिया के महासचिव श्री भोलानाथ ने चैंपियनशिप के शानदार और सफल आयोजन के लिए तेलंगाना हॉकी के अध्यक्ष के विजय कुमार और, सचिव भीमसिंह सहित सभी अधिकारियों को बधाई दिया और विजेता टीमों के लिए नकद पुरस्कार की घोषणा करने के लिए तेलंगाना के माननीय मुख्यमंत्री, तेलंगाना खेल प्राधिकरण सभी अधिकारियों की सराहना की। स्वर्ण पदक विजेता टीम को ?3 लाख, रजत पदक विजेताओं को ?2 लाख और कांस्य पदक विजेताओं को ?1 लाख का नगद पुरस्कार मैडल एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। पहली बार किसी राज्य सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर विजेता टीमों को नकद पुरस्कार प्रदान किया गया है ।



# खैरबना में जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता सम्पन्न





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** 6 दिसम्बर शुक्रवार को ग्राम खैरबना विकास खंड छुईखदान जिला खैरागढ़ छुईखदान गंडई में जोन स्तरीय बालक्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम के उ?द्घाटन में मुख्य अतिथि मोतीलाल जंघेल अधिवक्ता एवं वरिष्ठ कांग्रेसी, अध्यक्षता विजय वर्मा जिला पंचायत सदस्य राजनांदगाँव प्रतिनिधि, विशिष्ठ अतिथि अशोक जंघेल जनपद पंचायत छुईखदान के प्रतिनिधि प्रभारी प्राचार्य मधुसूदन देशलहरे हाईस्कूल खैरबना, सरपंच ललित जंघेल , स्रूष्ष्ट अध्यक्ष धनसाय साहू , स्रूष्ट अध्यक्ष संतराम कुर्रे (माध्यमिक), स्रूष्ट अध्यक्ष प्राथमिक रमेश सरग ?द्वारी , ग्राम पटेल धनेश साहू डीलेश्वर दास अचिंत तथा चूडामणी जंघेल, डोमार सिंह भेड़िया, हेमलाल पटेल पुष्ण सेन किरण जंघेल शिक्षाविद मनहरण जंघेल , धनऊराम साहू के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र पर मल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलन किया गया। तत्पश्चात प्रतिभागी छात्रों ?द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत एवं डांस राष्ट्रगान एवं राजकीय गीत प्रस्तुत किया गया। उक्त कार्यक्रम में खैरबना शाला परिवार के पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक पुखराज सिंह खुशरो, शत्रुहन राम साहू, कन्हैया राम जंघेल प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक सीमा शर्मा सहा. शिक्षक यशोदा ठाकुर उपस्थित थे जोन क्रमांक 04 के समस्त शैक्षिक संकुल समन्वयक एवं प्रतिभागी बच्चे उपस्थित थे। इसके पश्चात प्राथमिक विभाग बालक एवं बालिका माध्यमिक विभाग बालक एवं बालिका के व्यक्तिगत एवं सामूहिक खेल सम्पन्न किया गया। ग्रामवासियों द्वारा प्रतिभागी बच्चों एवं शिक्षको के लिए भोजन व्यवस्था किया गया। इसके बाद समापन समारोह के मुख्य अतिथि कोमल जंघेल पूर्व विधायक खैरागढ़ एवं संसदीय सचिव छ ग् शासन, अध्यक्षता नेतराम जंघेल अध्यक्ष मंडल भाजपा छुईखदान, विशिष्ठ अतिथि प्रकाश जंघेल महामंत्री मंडल भाजपा छुईखदान, ललित जंघेल सरपंच ग्राम पंचायत खैरबना, दुख्यत शर्मा विकासखण्ड स्रोत समन्वयक छुईखदान तथा वरिष्ठ नागरिक व समाज सेवी गैंदलाल जंघेल के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। अतिथियो द्वारा विजयी प्रतिभागी बच्चों को प्रथम एवं द्वितीय को पुरस्कार वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में जोन क्रमांक 4 के समस्त संकुल समन्वयक पुरन दास बंजारे, दयाल बंजारे केशव साहू, गंगूराम टंडन दयाराम धुर्वे, दुर्गासिंह कोर्राम, राजेश चंदेल, संजय राजपूत, नंदकिशोर वैष्णव, दामोदर वर्मा, विद्याधर राजपूत, राजेश श्रीवास्तव, दशरथ भारती उपस्थित थे। कार्यक्रम में 20 संकुल के प्रतिभागी बच्चे उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में विभिन्न शालाओं के खेल प्रभारी शिक्षक एवं शिक्षिका भी उपस्थित थे। जिसमें मयाराम निषाद, अनिल देवागन उमेश साहू, दोदेश्वर चंदेल, लक्ष्मण पटेल, डोमार साहू, जयनारायण तिवार देवीदीन साहू, योग शिक्षक मोहन जंघेल, कौशल श्रीवास्तव, दुर्गाप्रसाद सेदावी, दिलीप पुडेती, उमेश कुशवाहा, भरत लाल साह लच्छू सिंह मेरावी रामनाथ मरकाम, किसन धुर्वे, अनिल गांगेय तथा श्रीमती ममता मेश्राम, राजकुमारी भारती, राजेश्वरी जंघेल, कला धृतलहरे, पेमीन जंघेल, नीरु उके तथा गावरे मैडम और दिलीप तोमर, किशोर जंघेल, चन्द्रशेखर जंघेल उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम में लगभग 300 बच्चों ने अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मंच संचालन पूरन दास बंजारे संकुल शैक्षिक समन्वयक द्वारा किया गया। और ग्राम खैरबना के गणमान्य नागरिक टकेंद्र नायक दौलत पटेल, सुनिल कुंभकार, गंगादास नायक, पुनऊ राम पटेल रोहित पटेल, विनोद नायक, संतोष यादव, राजकुमार बैस, मोतीलाल साहू जुड़ावन साहू, राजाराम पटेल, नम्नू पटेल तथा समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन एवं कार्यक्रम समापन की घोषणा गंगूराम टंडन विकासखंड खेल प्रभारी द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम की जानकारी शत्रुहन राम साहू एवं पुखराज सिंह खुसरो द्वारा दिया गया ।

## मुख्यमंत्री साय के एक वर्ष कार्यकाल उपलब्धि पूर्ण :रत्नावली कौशल




**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भाजपा नेत्री एवं अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण छत्तीसगढ़ शासन की पूर्व सदस्य रत्नावली कौशल ने रायपुर स्थित सीएम हाउस में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से भेंट कर भाजपा सरकार क सफलतम एक साल पूरा होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने ओबीसी वर्ग के आरक्षण को 50 प्रतिशत करने और किसानों से व्यवस्थित धान खरीदी के लिए मुख्यमंत्री श्री साय का आभार भी व्यक्त किया। भाजपा नेत्री रत्नावली कौशल ने मुख्यमंत्री से कहा कि आपके सुशासन तथा सरकार कि पूर्णत: पारदर्शी एवं भ्रष्टाचार मुक्त कार्यप्रणाली का व्यापक असर पूरे प्रदेश में चारों ओर नजर आ रहा है। महतारी वंदन योजना हम माता बहनों के लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं। एक हजार रुपए की जो मान राशि सरकर हर माह दे रही है,वह आड़े वक्त में माता बहनों के बहुत काम आ रही है। वे अपने बच्चों की पढ़ाई पर आने वाले खर्च की भरपाई कर रही हैं, उनमें बचत की प्रवृत्ति भी बढ़ी है। कई माता बहनें इस राशि से छोटा मोटा व्यवसाय भी करने लगी हैं, इसके लिए राज्य की महतारियों और बहनों की ओर से आपका वंदन है। रत्नावली कौशल ने धान खरीदी का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को बताया कि भाजपा के चुनावी वादे के मुताबिक 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल तथा प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी एवं धान की राशि का समय पर भुगतान हो जाने से किसान बहुत खुश हैं। सभी खरीदी केंद्रों में बारदाने भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होने से न तो खरीदी में परेशानी हो रही है, भंडारण में। रत्नावली ने कहा कि त्वरित राशि भुगतान से किसान अपने विवाह योग्य बेटे बेटियों की सगाई, शादी की अच्छी तरह से कर पा रहे हैं। किसान बड़े खुश हैं। कांग्रेस नेताओं के दुष्प्रचार का वे मौके पर ही जवाब देने लगे हैं। इसके अलावा रत्नावली कौशल ने अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में वृद्धि को भी सराहनीय कदम बताते हुए सुगम धान खरीदी और आरक्षण प्रतिशत बढ़ाने पर मुख्यमंत्री श्री साय का आभार भी

## भाजपा सरकार के अच्छे कामों का कांग्रेस हमेशा करती है विरोध

### परविंदर सिंह मोंटी सांसद प्रतिनिधि



**राजनादगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की छत्तीसगढ़ एवं केंद्र की डबल इंजन सरकार द्वारा 1 वर्ष के अल्पकाल में ही छत्तीसगढ़ एवं डोंगरगढ़ के विकास के लिए अनेकों योजनाएं शुरू की गई है जिसमें डोंगरगढ़ से कटघोरा रेलवे लाइन की स्वीकृति,शहर की यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित बनाए रखने बाई पास (रिंगरोड) का निर्माण, डोंगरगढ़ के प्रमुख धार्मिक स्थलों को आपस में जोड़ने के लिए परिक्रमा पथ निर्माण,गौशाला के पास से नीचे मंदिर तक वाई शेप ओवरब्रिज निर्माण,अमृत स्टेशन अंतर्गत रेलवे स्टेशन में यात्री सुविधाओं का विस्तार एवं शहर के विभिन्न वार्डों में अधोसंरचना मद के माध्यम से 3 करोड़ की राशि से विकास कार्यों की स्वीकृति दी है जो भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा डोंगरगढ़ के विकास के लिए प्रतिबद्धता को दर्शाता है माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी,उपमुख्यमंत्री व प्रभारी मंत्री विजय शर्मा जी,उपमुख्यमंत्री अरुण साव जी,सांसद संतोष पाण्डेय जी के कुशल नेतृत्व एवं विकासपरख सोच को दिखाता है सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी द्वारा यह भी बताया गया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से डोंगरगढ़ एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में विकास कार्यों की ढेरो सौगातें दी गई है परन्तु इसके विपरीत कांग्रेस सरकार द्वारा विकास कार्यों में अवरोध पैदा करने की नियत से डोंगरगढ़ कटघोरा रेलवे लाइन को लेकर किसानों को भ्रमित किया जा रहा है जबकि उनकी सरकार के समय ही भू अर्जन की प्रक्रिया को लंबित रखा और कांग्रेस की राज्य सरकार ने अपना अंशदान भी नहीं दिया था जिससे इस परियोजना में काम शुरू नहीं हो पाया अभी वर्तमान में सर्वे का कार्य जारी है जिसके अंतर्गत मैनुअल सर्वे, ड्रोन सर्वे एवं राज्य सरकार और रेलवे की ज्वाइंट सर्वे की फाइनल रिपोर्ट आनी बाकी है जिसके अंतर्गत रेलवे के नियमों के तहत नए सर्वे के आधार पर मुआवजा प्रकरण तैयार होगा जिसमें किसानों को चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। जब राज्य में कांग्रेस की सरकार थी तब बाईपास निर्माण,परिक्रमा पथ योजना,वाई शेप ओवर ब्रिज निर्माण जैसी अनेकों विकास परख योजनाओं की स्वीकृति क्यों नहीं दिलवाई वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा इन योजनाओं के लिए करोड़ों की राशि स्वीकृति के अलावा इन कार्यों की शुरुवात की जा रही है तब कांग्रेसी यह सब पचा नहीं पा रहे है और लोगों को भ्रमित कर रहे है।

## बलिदान दिवस विशेष

# शहीद वीर नारायण सिंह

छत्तीसगढ़ ही नहीं पूरे भारत देश के मध्य प्रांत की धरा विरासत, रियासत, सियासत की रही है। मुगलों से लेकर ब्रिटिश शासन काल तक इस वीरता की धरा ने विदेशियों को खदेड़ते हुए, ईट का जवाब पत्थर से देने में कामयाब हुआ हैं। इतिहास सदैव वर्तमान का बाप होता है जब अपना खुद का पता ना हो तो बाप की ओर जाना पड़ता है। 36 गढ़ किल्लों से बना छत्तीसगढ़ भी स्वतंत्रता संग्राम में अपनी अहम भूमिका रखता है। इस धान के कटोरा कहे जाने वाले भू- भाग पर छत्तीसगढ़ के पहले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह बिंझवार गोंड का जन्म 1795 में सोनाखान (बलौदाबाजार)के एक जमींदार परिवार में हुआ था।उ पिता का नाम रामराय और माता सिंगारानी थी। सोनाखान रियासत जो आज छत्तीसगढ़ में स्थित है जो गोंडवाना के 52 गढ़ों में एक लाफागढ़ के अंतर्गत आती थी । रतनपुर और सोनाखान मंडला गोंड राजाओं के महत्वपूर्ण गढ़ थे । सोनाखान का प्राचीन नाम सिंधगढ़ जो अपनी समृद्धि और वैभव संपदा के लिए काफी मशहूर था । महाराज संग्राम शाह के ही संबंधी विरसैया ठाकुर वहां के राजा थे जो कल्चुरियों को हराकर गोंडवाना की सत्ता स्थापित किए थे । विरसैया के बेटे रामराय और रामराय के बेटे वीर नारायण सिंह थे।सन 1818 में जब भोंसले शासकों और ईस्ट इंडिया कंपनी के बीच संधि हुई तो अंग्रेजों ने राजा रामराय से कर वसूलना चाहा जो उस रियासत की परंपरा के अनुरूप नहीं था क्योंकि गोंड शासको ने कभी किसी को कर नहीं दिया था। सन 1819 में सोना खान की जमींदार रामराय अंग्रेजों के विरुद्ध हो गए और अंग्रेजों के लिए मुसीबत बन पड़ा। किंतु वृद्धावस्था और कमजोर सैनिक बल के कारण लंबे समय तक मुकाबला नहीं कर सके। अंग्रेजों से पराजय हुई जमीन और बड़ी संपत्ति छीन लिए गए। अंग्रेज कैप्टन मैक्सन से कोईतूर जमींदार रामराय यह शर्त भी स्वीकार कर लिया था कि आज के बाद अंग्रेजों से विद्रोह नहीं करेंगे । पिता रामराय की मृत्यु के पश्चात सोनाखान रियासत की जिम्मेदारी बेटे वीर नारायण सिंह को मिली । सन 1830 में 35 वर्ष की आयु में उन्होंने सोनाखान की जमींदारी की बागडोर संभाली। एक कुशल सुशासक प्रजा हितकारी होने के कारण जल्द ही अपने क्षेत्रों में बहुत प्रसिद्ध हो गए थे । उनके दिल में अंग्रेजों के प्रति काफी नफरत पैदा हो गई थी क्योंकि उसने अपने पिता को मजबूरी में पराजय स्वीकारते देखा था। वे बचपन से ही खेलकूद तीरंदाजी, तलवारबाजी, बंदूक ,घुड़सवारी और तैराकी में रुचि रखते थे। न्यायप्रिय ,कर्मठ वीरनारायण सिंह छोटे से छोटे कृषक ,मजदूर वर्ग के सुख-दुख में शामिल हो जाते थे । वे क्षेत्र में गरीबों के मसीहा के रूप में जाने जाते थे । 1856 में अकाल पड़ने पर उन्होंने लालची अंग्रेज समर्थक व्यापारी के गोदाम पर अपने सैनिकों के साथ हमला किया और अनाज को सभी जरूरतमंद गरीबों में बांट दिया ।इस बात को लेकर अंग्रेज बहुत क्रोधित हो गए और एक व्यापारी के अनाज लूटने के आरोप में अंग्रेज हुक्मरानों ने उन्हें षडयंत्र पूर्वक गिरफ्तार कर लिया ।अंग्रेज उनसे काफी भयभीत रहते थे। वीरनारायण सिंह को न्यायालय में पेश कर उन्हें फांसी की सजा सुनाया गया। जेल परिसर में उन्हें 6 दिनों तक फांसी पर लटकाए रखा फिर भी अंग्रेजों का जी नहीं भरा तो सातवें दिन 10 दिसंबर 1857 को रायपुर जय स्तंभ चौक में तोप से उड़ा दिया गया। आज भी उनके वंशज सोनाखान(बलौदाबाजार)में निवास करते हैं। वीरनारायण सिंह के सम्मान में भारत सरकार ने सन 1987 में 60 पैसे का डाक टिकट जारी किया था । उनके नाम से आज शहीद वीरनारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम रायपुर में है। एक विचार जो लोगों के जहन में आता है कि, *छत्तीसगढ़ का प्रथम शहीद ठाकुर गैंदसिंह या वीर नारायण सिंह ?* इस विषय पर जानकारी मिलता है कि परलकोट (बस्तर) की जमींदार गैंदसिंह हल्बा था। परलकोट विद्रोह 1824 में हुआ था और इसका नेतृत्व जमींदार गैंदसिंह ने किया था। इनका विद्रोह अंग्रेज और मराठों की जंगल विरोधी नीतियों से था ब्रिटिश प्रशासक मिस्टर एग्न्यू ने अपने सैन्य बल के साथ 10 फरवरी 1825 को परलकोट को घेर कर गैंदसिंह ठाकुर को बंदी बना लिया और 20 जनवरी 1825 को परलकोट में उन्हें फांसी दे दी गई ,और इसी के साथ परलकोट विद्रोह हमेशा के लिए दमन कर दिया गया । गैंदसिंह के शहीद होने के बाद यह युद्ध पूर्ण रूप से विराम ले चुका था। लोग देश कैसे आजाद हुआ पढ़ते हैं गुलाम कैसे हुए नहीं पढ़ते । गुलाम होने का प्रमुख कारण यह था कि, कुछ राजा ,महाराजा, जमींदार अंग्रेजों के पक्षधर थे या तो वे गुलाम हो गए थे। तो वही वतन प्रेमी ,देशभक्त राजा ,जमींदार अंग्रेजों की बम - बारूद, बंदूक ,तोप से लड़ रहे थे । यही वजह रही कि देश को आजाद होने में 200 वर्ष लग गए। छत्तीसगढ़ प्रांत में राजनीतिक चेतना प्रारंभ करने का श्रेय जनजातियों को जाता है जनजाति नायकों ने ही अपनी कुशल नेतृत्व से छत्तीसगढ़ के लोगों को क्रांति के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में मध्य भारत के आदिवासियों ने देश की आजादी में अपना सर्वस्व योगदान दिया ।



**मदन मंडावी**
**द्वारा, डोंगरगढ़,छत्तीसगढ़**
**मोबाईल-**
**7693917210**

## धर्म समाचार....

# सोमवती अमावस्या पर करें राशि अनुसार दान, मिलेगा पितरों का आशीर्वाद



सोमवती अमावस्या का सनातन धर्म में विशेष महत्व है। यह दिन पितरों का तर्पण और धार्मिक कार्यों के लिए बहुत अच्छा माना जाता है। वैदिक पंचांग के अनुसार 30 दिसंबर 2024 दिन सोमवार को सोमवती अमावस्या मनाई जाएगी। बता दें सोमवार को पड़ने की वजह से इसे सोमवती अमावस्या के नाम से जाना जाता है।

अमावस्या तिथि बेहद शक्तिशाली मानी गई है। यह दिन पूर्वजों को समर्पित है। सोमवार को पड़ने की वजह से इसे सोमवती अमावस्या कहा जाता है। अमावस्या को आत्मा की शुद्धि के लिए एक महत्वपूर्ण दिन माना जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार, 30 दिसंबर, 2024 दिन सोमवार को साल की अंतिम सोमवती अमावस्या मनाई जाएगी। ऐसे में इस दिन ज्यादा से ज्याद दान और पूजा-अर्चना करें। इससे सभी इच्छाओं की पूर्ति होगी। साथ ही अन्न और धन में वृद्धि होगी, तो चलिए इस दिन क्या दान करना चाहिए उसके बारे में जानते हैं।

**सोमवती अमावस्या पर करें इन चीजों का दान**

मेष राशि: मेष राशि के लोगों को सोमवती अमावस्या पर गर्म कपड़ों का दान करना चाहिए।

वृषभ राशि: वृषभ राशि के जातक को इस दिन चावल का दान करना चाहिए।

मिथुन राशि: मिथुन राशि के लोगों को इस तिथि पर पालक या हरी चीजों का दान करना चाहिए।

कर्क राशि: कर्क राशि के जातकों को सोमवती अमावस्या पर दूध का दान करना चाहिए।

सिंह राशि: सिंह राशि वालों को इस तिथि पर लाल रंग के वस्त्र का दान करना चाहिए।

कन्या राशि: कन्या राशि के लोगों को इस मौके पर




साबुत उड़द का दान करना चाहिए।

तुला राशि: तुला राशि के लोगों को सोमवती अमावस्या पर घी का दान करना चाहिए।

वृश्चिक राशि: वृश्चिक राशि के जातकों को इस अवसर पर गुड़ का दान करना चाहिए।

धनु राशि: धनु राशि के लोगों को इस दिन पर केसर की खीर का दान करना चाहिए।

मकर राशि: मकर राशि के लोगों को सोमवती अमावस्या पर काले तिल का दान करना चाहिए।

कुंभ राशि: कुंभ राशि के जातकों को इस तिथि पर काली उड़द का दान करना चाहिए।

मीन राशि: मीन राशि वालों को इस मौके पर पीले वस्त्र का दान करना चाहिए।

## शादी में दूल्हा-दुल्हन एक-दूसरे को क्यों पहनाते हैं जयमाला, कैसे हुई इसकी शुरुआत?




सनातन संस्कृति में विवाह में कई महत्वपूर्ण रीति रिवाज को किया जाता है। रीति रिवाज धर्म और जाति में अलग-अलग देखने को मिलते हैं। सभी रस्मों का विशेष महत्व है। हिंदू धर्म में शादी के दौरान वर-वधु एक-दूसरे को जयमाला पहनाते हैं। माना जाता है कि इस रस्म के बिना शादी अधूरी रहती है। हिंदू धर्म में विवाह से कुछ दिन पहले ही रस्मों की शुरुआत हो जाती है। सभी रस्मों को विधिपूर्वक किया जाता है। इनमें हल्दी, मेहंदी, जयमाला और जूते चुराई समेत आदि रस्मों को निभाया जाता है। जयमाला एक ऐसी रस्म है, जिसमें वर और वधु एक-दूसरे को जयमाला पहनाते हैं। इस रस्म के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। क्या आप जानते हैं कि विवाह के दौरान वर और वधु के द्वारा एक-दूसरे को जयमाला पहनाने की रस्म की शुरुआत कैसे हुई और इस रस्म को क्यों निभाया जाता है? अगर नहीं पता, तो ऐसे में आइए जानते हैं इससे जुड़ी वजह के बारे में।

**ऐसे हुई जयमाला पहनाने की शुरुआत-** जयमाला की रस्म का उल्लेख पौराणिक कथाओं और ग्रंथों में देखने को मिलता है। पौराणिक कथा के अनुसार, स्वयंवर के दौरान भगवान श्रीराम ने शिव जी के धनुष को तोड़ा था, जिसके बाद माता सीता ने राम जी को वरमाला पहनाई थी और उन्हें अपना जीवनसाथी के रूप में स्वीकार किया था। उसी समय से जयमाला की रस्म की शुरुआत मानी जाती है। इस रस्म को विवाह का एक अहम हिस्सा माना जाता है। अन्य पौराणिक कथा के अनुसार, एक बार ऐसा समय आया कि जब जगत के पालनहार भगवान विष्णु सृष्टि के संचालन में व्यस्त हो गए थे, तो उस समय धन की देवी मां लक्ष्मी समुद्र की गहराइयों में समाहित हो गईं थीं। इसी वजह से श्रीहरि ने मां लक्ष्मी को पुन: प्राप्त करने के लिए समुद्र मंथन कराया। इसके बाद समुद्र मंथन से देवी लक्ष्मी अपने हाथ में फूलों की माला लेकर अवतरित हुईं थीं। उन्होंने भगवान विष्णु को माला पहनाई थीं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि विवाह के दौरान दूल्हा और दुल्हन के द्वारा एक-दूसरे को जयमाला पहनाने का मतलब यह है कि वर और वधु एक-दूसरे को जीवनसाथी के रूप में स्वीकार करना। इस दौरान परिवार, घर और मित्रगण वर और वधु को नए की जीवन की शुरुआत के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, टैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971



# साढ़े छह लाख जीर्णोधार में खर्च, फिर भी खंडहर हो रहा बी आर सी भवन

## अफसरों की उदासीनता से बिजली, नल और टेलीफोन के कनेक्शन कटे, बालक स्कूल के भवन में संचालित हो रहा है बीआरसी भवन







**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** सर्व शिक्षा अभियान के लिए नया बस स्टैंड से लगा हुआ बीआरसी भवन में जीर्णोधार के लिए 6 लाख 50 रूपए खर्च करने के बाद भी भवन में ताला लगा हुआ है बड़ी राशी खर्च करने के बाद भी भवन के आसपास गंदगी का अंबार लगा हुआ है बिल्डिंग चारों तरफ से घास फूस और झाड़ी से घिरा हुआ है वही बिल्डिंग में लगे ताले भी जंग लग गया है। वहीं अफसरों की उदासीनता से बिजली, नल और टेलीफोन के कनेक्शन कट गए हैं। वर्तमान में बीआरसी भवन बालक प्राथमिक शाला में संचालन हो रहा है ।

**ये किए थे काम**

भवन का जीर्णोद्धार व मरम्मत के लिए ग्रामीण यांत्रिकी विभाग को दिया था जिन्हें स्वीकृत वर्ष 2023 -2024 में करने के लिए 6.50 लाख रुपए पास हुए थे इसका कार्य प्रारंभ 31 अक्टूबर 23 में किया गया था और कार्य पूर्ण की तिथि 02 मार्च 2024 को उल्लेखित करते हुए भवन में सुचना बोर्ड लगा रहा है लेकिन अभी वर्तमान स्थिति में ठेकेदार के द्वारा चाबी नहीं सौंपने की बात सामने आई है।

**भवन में अफसर जाने को नहीं इच्छुक**

बिजली कनेक्शन, टेलीफोन सुविधा, पानी का कनेक्शन न होने के कारण अफसर भवन में जाने के लिए इच्छुक नहीं है।

**बीआरसी भवन में असुविधाओं का अंबार लगा हुआ है**

बड़ी राशी से खर्च कर भवन तो बन गये है लेकिन उक्त भवन में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है इस भवन में विद्युत कनेक्शन और टेलीफोन भी विच्छेद कर दिया गया है इनके अलावा यहां पर पीने के लिए पानी भी नहीं है जिस वजह से वहां पर कार्यरत अधिकारी कर्मचारी को अव्यस्था के कारण बिल्डिंग में रहकर कार्य कर पाना मुश्किल होता है अभी वर्तमान में बीआरसी कार्यालय में तीन स्टाफ कार्यरत हैं जिसमें एक समन्वयक एक लेखापाल एक चपरासी व इनके अलावा एक संविदा कम्प्यूटर आपरेटर कार्यरत हैं इन स्टाफ को ऐसे असुविधा भवन में रहकर कार्य कर पाना मुश्किल है।

**बीआरसी में अतिरिक्त भवन का ताला सालो से बंद है**

लगभग एक साल से बंद ताला लगा हुआ है बीआरसी अतिरिक्त भवन में वर्तमान में बंद पड़े भवन के आसपास गंदगी का आलम बना हुआ है इनके सबके जिम्मेदार यहां पर पदस्थ अधिकारी और कर्मचारी की निष्क्रियता के चलते यह भवन की हालत बहुत गंभीर है

बीआरसी, शिक्षा विभाग में सर्व शिक्षा अभियान से जुड़े काम देखने वाला अधिकारी का होता है. बीआरसी की तैनाती शिक्षकों में से ही की जाती है. बीआरसी के कुछ काम ये रहे पाठ्यक्रम की किताबें और स्कूल ड्रेस उपलब्ध कराना और सूचना देने का होता है इनके अलावा संकुल क्षेत्र के शिक्षकों का आफ लाइन प्रशिक्षण भी होता है अध्यापकों को समय-समय पर प्रशिक्षण देने का आयोजन के साथ साथ प्राथमिक शाला और मिडिल स्कूल में आरएमएसए एसएसए के तहत केंद्र से आने वाले फ़ंड, योजनाओं, और अन्य गतिविधियों को स्कूलों तक पहुंचाना होता है ।

**प्रधान पाठक ने बी ई ओ को भवन खाली करने पत्र लिखा**

बालक प्राथमिक शाला के अतिरिक्त भवन में लंबे समय से बीआरसी भवन का संचालन किया जा रहा है इस भवन के बारे में जब बालक प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक विजय जैन से चर्चा किया गया तो उन्होंने बताया कि भवन खाली कराने के लिए बीईओ को लिखित में पत्र दिया गया है परंतु आज तक खाली नहीं किया गया है।

> बीआरसी भवन में जीर्णोधार के लिए काम चल रहा था कार्य पूरा हो गया है हमारे द्वारा समन्यक को शीघ्र ही भवन में संचालित के लिए आदेश किया गया है इनके अलावा बी आर सी भवन के आस पास घासफूस को भी सफाई के आदेश दिया है
>
> **आर एल पात्रे बीईओ**

## मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष का किया गया आत्मीय स्वागत

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का पीटीएस मैदान हेलीपेड स्थल



में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक श्री सचिन बघेल, पूर्व सांसद श्री प्रदीप गांधी, श्री रमेश पटेल, श्री दिनेश गांधी, श्री नीलू शर्मा, श्री संतोष अग्रवाल, आईजी श्री दीपक झा, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, वनमंडलाधिकारी श्री आयुष जैन एवं बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## मोबाइल चोरी करने वाला दो आरोपियों को भेजा गया जेल

**खैरागढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** खैरागढ़ थाना में 12 सितम्बर को आदिनाथ मोबाइल मोबाइल दुकान के मालिक ने रिर्पोट दर्ज कराया




की अज्ञात चोरो द्वारा 5 अलग-अलग कंपनी के मोबाइल को दुकान शटर तोडकर निकाल लिया है। शिकायत पर खैरागढ थाना में अज्ञात आरोपी पर धारा 331(4), 305, 3(5) के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना एवं साइबर की संयुक्त टीम अज्ञात चोरों के पतासाजी मे लगाई गई लगातार प्रयास से रविवार को संदेही ईश्वर यादव पिता शेखर यादव उम्र 22 साल निवासी भाठापारा छुईखदान एवं आरोपी गोल्डी उर्फ मोहन मंडावी पिता खुशाल मंडावी उम्र 24 साल निवासी कण्डरापारा वार्ड नं. 03 छुईखदान की संलिप्तता प्रकरण में होने की सूचना पर टीम द्वारा दोनों संदेहियों को हिरासत में लेकर कडाई से पुछताछ करने पर दोनों ने अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपी ईश्वर यादव के पेश करने पर उसके कब्जे से चोरी का एक आईटेल कंपनी का टच स्क्रीन मोबाईल, एक नग कीपेड मोबाईल, एवं आरोपी गोल्डी उर्फ मोहन मंडावी के कब्जे से ओप्पो कंपनी का काला रंग की मोबाईल एवं सैमसंग कंपनी का कीपेड मोबाईल को जप्त किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर रिमांड पर भेजा गया।

# शहीद भगतसिंह सुखदेव राजगुरु की प्रतिमा अनावरण

**अम्बागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)।** नगर पंचायत में पुराना स्वास्थ्य केंद्र के पास वार्ड नं 5 में नगर पंचायत उपाध्यक्ष रीतेश मेश्राम ने शहीदों की याद में अमर शहीद भगतसिंह सुखदेव राजगुरु की प्रतिमा लगवाया ताकि देश के लिए उन्होंने अपना सर्वोच्च जो बलिदान दिया था और जो प्रेरणा उनसे मिले अल्पायु में देश के लिए अपनी प्राण को त्याग दिए ताकि देश में क्रांति की ज्वाला भड़क जाए और कुछ साल बाद इनका सपना साकार हुआ आने वाली पीढ़ी उनके बताए हुए मार्ग पर चल कर देश की एकता एवं भाईचारा के सन्देश को जन जन पहुंचाये इस भावना के साथ निर्माण किया गया। अनावरण कार्यक्रम मुख्य अतिथि भोलाराम साहू जी के करकमलों से मूर्ति का अनावरण किया गया और अपने उद्बोधन में अमर शहीद भगतसिंह सुखदेव राजगुरु को नमन कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला और देश के लिए उनके त्याग तपस्या और बलिदान के बारे में विस्तार से बताया और साथ ही इस अच्छे कार्य के लिए रितेश मेश्राम को बधाई दी. संस्कार स्कूल के बच्चों ने राष्ट्रगान बैंड बाजों के साथ



प्रस्तुति दी आभार रीतेश मेश्राम ने व्यक्त किया और कहा शहर में शहीदों के याद लिए ये प्रतिमा का निर्माण मेरे द्वारा किया और शहर का एक चौक और जगमग हो गया और शहर में सुन्दरता बढ गई और कहा आज मैं जिस मुकाम में खड़ा हु शहर की जनता के प्यार स्नेह आशीर्वाद से यहां तक पहुंचा हु और कहा शहर के लोगों का मागदर्शन एवं आशीर्वाद मेरे साथ रहे यही कामना के साथ वाणी को विराम दिया। इस अवसर पर पूर्व कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रफीक खान पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष व पार्षद अशोक वर्मा जिला महामंत्री श्याम लाटा पार्षद विजय यादव पार्षद बिशन देवांगन पार्षद, शीतल भूआर्य पार्षद,मुकेश सिंह, उदेराम साहू जिला अध्यक्ष किसान पार्षद मोहसिन खान पार्षद धर्मेंद्र साहू रज्जाक खान जयंत नेताम नंद कुमार कुंजाम रामस्वरूप यादव राजू योगी अरुण यादव अनिश कुरैशी.गायात्री विघा पीठ शक्ति. स्वच्छता दीदी मितानिन.आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका आदि शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## युगांतर में सोलो डांस कॉम्पिटिशन का शानदार आयोजन

**राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)।** भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल में प्राइमरी विभाग के विद्यार्थियों के लिए सोलो डांस कॉम्पिटिशन का शानदार आयोजन हुआ। कॉम्पिटिशन में नन्हें विद्यार्थियों ने अपनी मन मोहक प्रस्तुति देकर खूब तालियाँ बटोरी। छोटे-छोटे बच्चों द्वारा अपने स्वयं के प्राप्स को अरेंज करना और कॉन्फिडेंस के साथ डांस करना काफी सराहनीय रहा। संस्था के प्राचार्य डॉ मधु पी चौधरी ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए ऐसे आयोजन समय-समय पर होते रहना चाहिए, जिससे वे अपनी प्रतिभाओं को तराश सके। आगे उन्होंने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कॉम्पिटिशन का संचालन



अंग्रेजी शिक्षक सेमुअल जॉर्ज और एलिजाबेथ जॉर्ज ने किया। यह कॉम्पिटिशन विद्यालय के प्राचार्य के मार्गदर्शन में प्राइमरी की सेक्शन इंचार्ज श्वेता मूंदड़ा, एक्टिविटीज इंचार्ज मधु ठाकुर और तनुश्री मुखर्जी के मार्गदर्शन में विभाग के शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा विद्यार्थियों के सहयोग से सफलतापूर्वक संचालित हुआ। विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी,सेक्रेटरी विनय डड्डा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी सहित युगांतर परिवार ने आयोजन की सफलता पर हर्ष प्रकट किया है। मंच को सजाने में कला विभाग के शिक्षक अजय चौरसिया तथा ज्ञानेश पटेल की सराहनीय भूमिका रही। आयोजन मेंविद्यार्थियों की काफी तादाद में उपस्थिति रही।

## विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस के पर प्रश्नोतरी कार्यकम का आयोजन

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय डॉ. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगाव में संस्था के प्राचार्य डॉ. बी. एन. मेश्राम के निर्देशन में विभागाध्यक्ष श्वेता अग्रवाल के मार्गदर्शन में कम्पुटर विभाग में प्रशनोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया 7 जिसमे कम्पुटर के बढ़ते उपयोग को ध्यान में रखते हुए कम्पुटर विज्ञानं से सम्बंधित प्रश्न किये गए 7 इस प्रतियोगिता का सञ्चालन क्क.स्. द्धद्ध (ष्ट.ह्य.) के विद्यार्थी सोमेश्वेर साहू , केशव , अलिक्स देवांगन , हर्षिता , काजल , कुमकुम द्वारा किया गया 7 क्क.स्. द्ध(ष्ट.ह्य.) के विद्यार्थियों के बीच प्रतियोगिता रखी गयी जिसमे विजेता टीम को पुरुष्क्रित किया गया तथा अन्य टीम को सान्तवना पुरुष्कार दिया गया 7 कार्यक्रम में कम्पुटर शिक्षक प्रशांत देवांगन , भौतिकी के शिक्षक इशु साहू , कमलेश साहू के साथ क्क्त्रष्ठष्ट्र/ष्ठष्ट्र के समस्त विधार्थी सम्मिलित हुए थे।

## 7वीं राज्य स्तरीय सबजूनियर कराते स्पर्धा में संस्कारधानी ने जीते 07 स्वर्ण, 07 रजत, एवं 06 कांस्य पदक

### स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी नेशनल ओपन कराते स्पर्धा में छत्तीसगढ़ का करेंगे प्रतिनिधित्व



**राजनादगांव (नांदगांव टाइम्स)।** दिसंबर माह के प्रथम सप्ताह में महिला महाविद्यालय हॉस्पिटल सेक्टर भिलाई में छत्तीसगढ़ कराते डू एसोसिएशन द्वारा अयोजित 7वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर कराते प्रतियोगिता में राजनांदगांव जिला कराते संघ के बालक वर्ग एवम बालिका वर्ग के कुल 17 खिलाड़ी शिहान मुरली सिंह भारद्वाज के नेतृत्व में भाग लेकर शानदार प्रदर्शन करते हुए 07 स्वर्ण 07 रजत एवम 06 कांस्य कुल 20 पदक जीतने में सफलता प्राप्त कर राजनांदगांव जिले को गौरवान्वित किया । सभी स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी आगामी 14 एवं 15 दिसंबर को ताल कटोरा इंडोर स्टेडियम नई दिल्ली में आयोजित सब जूनियर नेशनल कराते चौंपियनशिप में शामिल होकर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे । इस टूर्नामेंट में कराते इंडिया ऑर्गनाइजेशन एवम् छत्तीसगढ़ कराते डू असोशियेशन के अध्यक्ष विजय तिवारी ,महासचिव अमल तालुकदार, कार्यकारी अध्यक्ष ब्रम्हाया नायडू कोषाध्यक्ष डी0 रमेश, उपाध्यक्ष अमर वरिष्ठ, उपाध्यक्ष शिहान मुरली सिंह भारद्वाज, अंतर्राष्ट्रीय कराते खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक अम्बर सिंह भारद्वाज (छ0ग0 पुलिस विभाग), राजनांदगांव जिले के प्रशिक्षकगण ईशब सिंह राजपूत, तरुण साहू, लोकिता साहू, करण साहू, ओम नेहा सिन्हा उपस्थित रहे। पदक विजेता खिलाड़ियों के नाम वर्गवार निम्नानुसार है:- सब जूनियर बालक वर्ग - शिवांश सोनी ( स्वर्ण पदक कुमिते 20 कि.ग्रा), मानविक सेठिया ( कांस्य पदक कुमिते 20 कि.ग्रा) श्रेष्ठ मिश्रा (कांस्य पदक कुमिते 25 प्लस कि.ग्रा), कबीर साहू (स्वर्ण पदक काता, रजत पदक कुमिते 35 प्लस कि.ग्रा ), नोवेश निनावे ( स्वर्ण पदक कुमिते 25 कि.ग्रा, कांस्य पदक काता) ,विराट निषाद (रजत पदक कुमिते 35 कि.ग्रा) ,कुश सिन्हा ( कांस्य पदक कुमिते 40 कि.ग्रा) , छविकांत मेश्राम ( रजत पदक कुमिते 40



कि.ग्रा), सब जूनियर बालिका वर्ग - नितिशा निप्पणे ( स्वर्ण पदक काता ,रजत पदक कुमिते 25 कि ग्रा) , अवनी खंडेलवाल ( स्वर्ण पदक कुमिते 35 प्लस कि ग्रा, रजत पदक काता), पारुल साहू (रजत पदक काता, रजत पदक कुमिते 35 कि ग्रा), ख्याति साहू (स्वर्ण पदक कुमिते 40 कि ग्रा), झलक साहू ( स्वर्ण पदक कुमिते 35 कि ग्रा, कांस्य पदक काता ।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com